## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सलियों ने साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा जवानों पर किया हमला

**सुकमा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा जिले में नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है. जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा जवानों पर नक्सलियों ने अचानक हमला कर दिया. इस फायरिंग में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, यह घटना आज सुबह उस समय हुई जब जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में जवान ड्यूटी पर तैनात थे. नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने इस हमले को अंजाम दिया है. इस हमले के बाद बाजार में अफरा तफरी मच गई, और पुलिस ने इलाके को घेर लिया है. इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है. फिलहाल, घायल जवानों का जगरगुंडा अस्पताल में इलाज जारी है. घायल जवानों के नाम करतम देवा और सोढ़ी कन्ना हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है. रिपोट्र्स के अनुसार, नक्सलियों ने दोनों जवानों से हथियार भी लूट लिए हैं, जिसमें एक र्य-47, एक स्नुक्र और गोलाबारूद शामिल है.

### मालगाड़ी के सामने कूद कर युवक ने की आत्महत्या, पुलिस जुटी जांच में

**कोरबा (आरएनएस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनालिया फाटक के पास मालगाड़ी के सामने कूद कर एक युवक ने आत्महत्या कर लिया। इस घटना के बाद देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और इसकी सूचना कोतवाली थाना पुलिस और आरपीएफ रेलवे को दी गई। कोतवाली पुलिस ने रेलवे ट्रैक से शव को निकाल जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया। जानकारी अनुसार युवक बाइक से फाटक के पास आया था फाटक बंद था, बाइक खड़ी कर आसपास घूमने लगा। जैसे ही ट्रेन आई युवक दौड़ कर गया और उसके सामने कूद गया। फाटक पर मौजूद लोग दौड़ कर पहुंचे, जहां युवक खून से लतपथ पड़ा हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की माने तो लोगों को लगा कि युवक आसपास की ही रहने वाला होगा और गाड़ी खड़ी कर कहीं जा रहा होगा। उन्हें बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि वह मालगाड़ी के सामने कूद जाएगा। युवक कौन है और कहां के रहने वाला है। इस बात का पता नहीं चल सकता है। फिलहाल युवक की उम्र लगभग 32 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस वाहन के आधार पर और आसपास बस्तियों में युवक की पहचान में जुटी हुई है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले में दुर्घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही है। यहां फिर एक सडक़ हादसा हुआ है जिसमें बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है और जांच कार्यवाही कर रही है। जानकारी के मुताबिक यह पूरी घटना दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत का है। तिवरता कोसाबाड़ी के पास तडक़े सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं मृतक की पहचान खिलेंद्र चैबे बांधाखार नुनेरा निवासी के रूप में हुई है। फिलहाल शव को पीएम के लिए भेजा गया है, मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे में ट्रक और कार की जोरदार भिड़ंत,एक गंभीर

**जगदलपुर (आरएनएस)।** रविवार को जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे 63 में तेज रफ्तार ट्रक और स्कॉर्पियो की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं ट्रक चालक को भी मामूली चोट आई है। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को एक स्कॉर्पियो कार गीदम से रायपुर की ओर जा रही थी इसी दौरान जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे 63 रायकोट के पास विपरित दिशा से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए तथा स्कार्पियो चालक को गंभीर चोट आई। वहीं ट्रक चालक को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से डिमरापाल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं बताया जा रहा है कि गाड़ी और चालक दोनों दंतेवाड़ा के हैं तथा स्कार्पियो चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल मामले में कोड़ेनार पुलिस जांच कर रही है।

# पानी से भरे गड्ढे में गिरी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो, 8 की मौत

**बलरामपुर**





छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। राजपुर-कुसमी मार्ग पर ग्राम लडुआ के पास शनिवार रात करीब 8 बजे एक तेज रफ़्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी। इस हादसे में स्कॉर्पियो में सवार 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 6 पुरुष, एक महिला और एक बच्ची शामिल है। सभी मृतक कुसमी थाना क्षेत्र के लरिमा गांव के रहने वाले थे और सूरजपुर जा रहे थे।

हादसा इतना भयानक था कि स्कॉर्पियो क्रमांक CG 15 DP 6255 पूरी तरह से पानी में डूब गई। स्थानीय लोगों की मदद से चालक को तो बाहर निकाल लिया गया, लेकिन बाकी लोग गाड़ी में फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत बचाव कार्य शुरू किया गया।

जैसे तैसे स्कॉर्पियो को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गाड़ी में सवार सभी 7 लोगों की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल चालक मुकेश दास को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, जहां उसकी भी मौत हो गई।

मृतकों में 8 साल की बच्ची कृति, महिला चंद्रावती के अलावा मंगल, उदय, भूपेंद्र और संजय शामिल हैं। हादसे के बाद इलाके में मातम पसर गया है। प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद का ऐलान किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

#### मुख्यमंत्री ने व्यक्त की गहरी संवेदना

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलरामपुर जिले में हुई सडक़ दुर्घटना में मृतकों और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने के साथ-साथ घायलों के उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

गौरलतब है कि बलरामपुर जिले के राजपुर-कुसमी मुख्य मार्ग में ग्राम बुढ़ाबगीचा लडुआ के पास सडक़ दुर्घटना में 8 लोगों की मृत्यु हो गई है।

## कोयले से भरी ट्रेलर ने मैजिक को मारी टक्कर, 7 की मौत

**रायगढ़ । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की सीमा से लगे ओडिशा के टपरिया में देर रात एक दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ है. इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है. हादसा उस समय हुआ जब एक कोयले से भरी ट्रेलर ने मैजिक वाहन को टक्कर मार दी. घटना से इलाके में हडक़ंप मच गया. मामले में स्थानीय पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

बताया गया है कि मैजिक वाहन में दो दर्जन से अधिक लोग सवार थे, जो जशपुर के गहिरागुरू के आश्रम से मेले में शामिल होकर लौट रहे थे. तभी देर रात करीब डेढ़ बजे कोयले से लोड तेज रफ्तार ट्रेलर ने मैजिक को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों में तीन पुरुष, तीन महिलाएं और वाहन चालक शामिल हैं. सभी मृतक ओडिशा के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों को रायगढ़ जिले की पुलिस की सहायता से सुंदरगढ़ स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस मामले की जांच ओडिशा की हिमगिर पुलिस द्वारा की जा रही है. पुलिस ने घटना की विस्तृत जानकारी जुटाने के लिए मामला दर्ज कर लिया है. इस हादसे ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है।

## कार का शीशा तोड़कर एक लाख रूपये की उठाईगिरी

**रायगढ़ । आरएनएस**


File photo

जिले के लैलूंगा में अज्ञात उठाईगिर ने एक कार से एक लाख रूपये पार कर दिये। आरोपी ने कार का शीशा तोडक़र उठाईगिरी को अंजाम दिया। फिलहाल मामले में लैलूंगा पुलिस अज्ञात आरोपी को खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला 30 अक्टूबर का है। खेती किसानी का काम करने वाला ग्राम चिराईखार निवासी मनेश पैकरा 30 अक्टूबर को अपनी वेगानार कार से लैलूंगा एसबीआई बैंक गया था। जहां से दीपावाली पर्व की खरीददारी के लिए उसने एक लाख रूपये निकाले और कार की डिक्की पर रखकर पास में मौजूद एक प्रोविजन स्टोर में कुछ सामान की खरीदी करने के लिए गया था। जहां से लौटकर कार के पास आया तो देखा कि कार के बाएं तरफ का कांच टूटा हुआ था तथा कार में रखे एक लाख रूपये गायब थे। जिसके बाद मनेश ने आसपास के लोगों से इसकी पुछताछ की तथा लगातार अपने स्तर पर चोर की पतासाजी करने का प्रयास कर रहा था किंतु किसी भी प्रकार की जानकारी नही मिलने पर आखिरकार रविवार को मनेश ने इसकी सूचना लैलूंगा थाने में दर्ज कराई। जहां पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## 5 नवम्बर को राज्योत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगी शाम

- लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया होंगे मुख्य अतिथि
- शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में होगा आयोजन

**रायगढ़**




छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह का जिला स्तरीय आयोजन 5 नवम्बर 2024 को संध्या 5.30 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में होगा। राज्योत्सव समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया होंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं के संबंध में प्रदर्शनी लगाई जाएगी व सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह के शुभारंभ के अवसर पर 5 नवम्बर को संध्या 6.30 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें गीतिका वैष्णव एवं साथी कलाकार गणेश वंदना एवं राज्यगीत की प्रस्तुति देंगे। तत्पश्चात स्नेहा परिमिता स्वाईन एवं साथी (शरद वैष्णव) द्वारा कथक शिव वंदना-अद्र्धनारीश्वर एवं ओ.पी. जिंदल स्कूल तराईमाल करमा लोक नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। इसी तरह पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तमनार द्वारा संबलपुरी लोक नृत्य, सेन्ट टेरेसा स्कूल रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, साधुराम विद्या मंदिर रायगढ़ द्वारा भरतनाट्यम वाराह अवतार, सरदार वल्लभभाई पटेल शास. उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम रायगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, सेन्ट जेवियर स्कूल रायगढ़-लावणी, मराठी लोक नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। समारोह में देवेश शर्मा जसगीत की प्रस्तुति देंगे। इसी तरह पूजा जैन एवं समूह, रायगढ़ द्वारा कथक तथा रायगढ़ के विजय सिंह एवं समूह छत्तीसगढ़ी लोक मंच पर प्रस्तुति देंगे।

**हत्या का आरोपी गिरफ्तार**

## सुपेला पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम के सहयोग से पकड़ाए आरोपी

- मामुली झगड़ा को सुलह करने की बात लेकर किया हत्या
- दो आरोपी अपने एक नाबालिक बालक मित्र के साथ मिलकर दिया था घटना को अंजाम

**भिलाई । आरएनएस**




मुखबीर द्वारा सूचना मिला कि लक्ष्मी मार्केट के पीछे कचरा मैदार सुपेला में एक व्यक्ति को चाकू से मार दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तब पता पता चला कि गौतम नगर सुपेला का रहने वाला धीरज महानंद उर्फ टकला को चाकू मारा गया है जिसे शासकीय अस्पताल सुपेला ले गये है। पता चला कि राहुल उर्फ राहुल, अंकुश एवं अन्य के द्वारा धीरज महानंद की हत्या कारित किया है। मृतक की पत्नी शारदा महानंद की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम आरोपियों की पता तलाश में लग गई। आस-पास के क्षेत्र, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, उनके रिश्तेदारो व रोज उठने बैठने वाली जगहों पर पता तलाश किया जा रहा था। आस-पास में लगे सीसीटीव्ही कैमरो को भी खंगालने के बाद पता चला कि आरोपी राहुल उर्फ राहुल, अंकुश एवं अन्य को कुम्हारी से घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी राहुल एवं रोशन यादव व एक नाबालिक बालक से पूछताछ करने बताया किया धीरज महानंद का भतीजा का दिनांक 02.11.2024 को झगड़ा गया हो गया था सुलह करने के लिए धीरज महानंद को लक्ष्मी मार्केट के पीछे कचरा मैदान के पास बुलाये जहां समझाने लगे इसी बीच विवाद बढ गया है लडाई झगड़ा शुरू हो गया तब धीरज महानंद वहां से भागने लगा तब तीनो मिलकर हाथ मुक्के व धारदार चाकू से धीरज महानंद के छाती एवं पीट में वार कर हत्या कारित किये है। घटना में प्रयुक्त चाकू को छुपाया था जिसे पुलिस को जप्त कराया। आरोपी राहुल उर्फ राहुला एवं रोशन यादव को गिरफ्तार कर आज दिनांक 03.11.2024 को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही की गई। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं निरीक्षक तापेश्वर नेताम(एसीसीयू), सउनि राजेश सिंह, सउनि पूर्ण बहादूर(एसीसीयू), आर. पन्ने लाल, शहबाज, अनूप शर्मा, जुगनू सिंह, संतोष गुप्ता, उपेन्द्र सिंह, अजय गहलोत, रिंकु सोनी, गुनीत निर्मलकर(एसीसीयू), सूर्य प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह, राजू राणा संयुक्त टीम का विशेष योगदान रहा है।

क्र. अपराध क्रमांक 1 1179/2024 , धारा 103(1), 3(5), 238, 249 बीएनएस, 25, 27 आम्र्स एक्ट

**आरोपिया का नाम** (1) राहुल सिंह उर्फ राहुला पिता किशुन सिंह उम्र 24 साल निवासी लक्ष्मी मार्केट सुपेला मधुरम ज्वेलर्स के पास सुपेला, (2) रोशन यादव पिता श्याम बिहारी उम्र 29 साल निवासी राजीव नगर पारस कॉपरेटिव के पास सुपेला (3) एक विधि से संघर्षरत बालक

## छत्तीसगढ़ में दिसम्बर 2024 में होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

**रायगढ़**

सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेडसमेन (दसवी व आठवी) का आयोजन किया जाएगा।

सेना द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र JIA Website (www.joinindianarmy.nic.in) और उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है।

रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास अथवा टेलीफोन नम्बर 0771-2965212 पर संपर्क किया जा सकता है।

## जोबी पुलिस ने युवती से छेड़खानी के मामले में तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायगढ़**



जोबी पुलिस चौकी ने युवती से छेड़खानी की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आज तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें रिमांड पर भेज दिया है। युवती ने अपने परिजनों के साथ 1 नवंबर, 2024 को पुलिस चौकी जोबी में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि वह अपनी सहेलियों के साथ गांव के पास स्थित पहाड़ पर पिकनिक मनाने गई थी। इस दौरान पास में कुछ युवक भी पिकनिक मना रहे थे।

युवती के अनुसार, दोपहर लगभग 2 बजे प्रदीप राठिया नामक युवक सब्जी मांगने के बहाने उनके पास आया। उसके इनकार करने पर वह वहां से चला गया। इसके बाद प्रदीप अपने दो दोस्तों, कमलेश राठिया और महेंद्र राठिया, के साथ वापस आया और युवती के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़खानी की।

युवती की शिकायत पर पुलिस ने अप.क्र. 661/2024 के तहत आरोपियों के खिलाफ धारा 76(1), (ii), 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया। सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण राठौर और उनके हमराह स्टाफ ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों, कमलेश राठिया (26 वर्ष), प्रदीप कुमार राठिया (28 वर्ष), और महेंद्र राठिया (25 वर्ष), को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की। अपराध के सबूत मिलने के बाद उन्हें आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई से स्थानीय समुदाय ने संतोष व्यक्त किया है।

## पुसौर पुलिस ने महिला और उसके बेटे से मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा

**रायगढ़**



पुसौर थाना क्षेत्र के बड़े भंडार गांव में महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गैर-जमानती धाराओं के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। इस घटना को लेकर दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को प्रार्थी श्रवण सारथी (39 वर्ष), पिता चैतराम सारथी, निवासी बड़े भंडार, ने पुसौर थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

प्रार्थी श्रवण सारथी ने शिकायत में बताया कि दिनांक 31 अक्टूबर 2024 को दोपहर लगभग 3 बजे गांव का ही लक्ष्मी सारथी शराब के नशे में उनके घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था। जब उसकी मां ननकी बाई ने उसे गाली-गलौज करने से मना किया, तो लक्ष्मी सारथी के साथ उसका भाई भागीरथी सारथी और साथी सोनकेश्वर सारथी एवं विजय सारथी भी वहां पहुंचे। चारों ने मिलकर मां-बेटे के साथ दुर्व्यवहार किया, अभद्र भाषा का प्रयोग किया और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव के दौरान लक्ष्मी सारथी ने श्रवण सारथी पर चाकू से वार किया, जिससे उसके गर्दन और गाल पर गहरी चोटें आईं। मारपीट की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 256/2024 धारा 296, 351(2), 115235 बीएस का अपराध पंजीकृत किया गया

घटना की सूचना पर पुसौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए श्रवण सारथी और उसकी मां का मेडिकल परीक्षण कराया, जिसमें धारदार हथियार से वार की पुष्टि हुई। प्रकरण में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 118(1) बीएनएस विस्तारित कर विवेचना के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों - लक्ष्मी सारथी पिता सोनकेश्वर सारथी (35 वर्ष), विजय सारथी पिता सोनकेश्वर सारथी (33 वर्ष), और सोनकेश्वर सारथी पिता कायतराम (72 वर्ष), तीनों निवासी बड़े भंडार, थाना पुसौर को हिरासत में लिया।

पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू और डंडे को भी जप्त किया, मामला गैर जमानती अपराध होने से आरोपियों का रिमांड लेने न्यायालय पेश किया गया। घटना की विवेचना और आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे, सहायक उप निरीक्षक मनमोहन बैरागी, प्रधान आरक्षक डोल नारायण साव, और आरक्षक ओश्रिक विशवाल की विशेष भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480